# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन व परिसर का किया गया औचक निरीक्षण—

आज दिनांक 10.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा का औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा शस्त्रागार, मेस, बैरक, वर्दी स्टोर, कैश कार्यालय, पुलिस लाइन परिसर, आवासीय परिसर का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया, यातायात शाखा व एम0टी0 शाखा का भी निरीक्षण कर वाहनों में लगे विभिन्न यंत्रों/उपकरणों की वस्तु स्थिति के बारें में जानकारी ली गई तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में चल रहे विभिन्न वृहद निर्माण कार्यों की समीक्षा की गयी व सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी से वार्ता कर निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

पुलिस लाइन स्थित आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों को गहनता से चेक किया गया तथा इस दौरान संबंधित को अभिलेखों के देख-रेख एवं कुशल संचालन हेतु निर्देशित किया गया, अधिकारी एवं कर्मचारीगण को अपने-अपने कर्तव्यों का सही प्रकार से निर्वहन करने तथा आमजन के साथ सद् व्यवहार करने के लिये प्रेरित किया गया।

उक्त निरीक्षण एवं भ्रमण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह, प्रभारी परिवहन शाखा श्री ललित नारायण दूबे, यातायात शाखा प्रभारी सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहें।






# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 10.06.2022**

**मीडिया सेल, महोबा**

- **जुमे की नमाज के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त**
- **सभी मस्जिदों पर मजिस्ट्रेट सहित पर्याप्त पुलिस बल की लगायी गयी ड्यूटी**
- **समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों द्वारा लगातार भ्रमणशील रहते हुए सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से किया जा रहा वार्तालाप**
- **शांति व सद्भाव बनाए रखने कि की जा रही अपील**
- **सोशल मीडिया पर लगातार शरारती तत्वों पर रखी जा रही पैनी नजर अफवाह/भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध की जाएगी सख्त कार्यवाही**

आज दिनांक 10.06.2022 को जुमे की नमाज के दृष्टिगत सभी मस्जिदों पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्जिदों पर जनपदीय पुलिस के उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है, समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील रहते हुए सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की जा रही है किसी भी सूचना पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना दें, पुलिस चुस्ती व मुस्तैदी से अपना काम करेगी पुलिस द्वारा हर कार्रवाई बिना किसी भेदभाव के अमल में लाई जाएगी।

जनपदीय मीडिया सेल टीम द्वारा भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट व वीडियो बयान जारी करने, साजिश रचने व माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, साथ ही आमजन से अपील की जा रही है कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की जरूरत नहीं है, महोबा पुलिस शांति व सद्भाव बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है।








# महोबा पुलिस



## थाना चरखारी पुलिस टीम ने 03 नफर वारण्टी/वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 10.06.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री तेजबहादुर सिंह के निकट पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान वांछित/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारी के तहत प्रभारी निरीक्षक चरखारी श्री उमापति मिश्रा द्वारा टीम का गठन किया गया जिसमे उ.नि. प्रवीण कुमार सिंह द्वारा कुल 03 नफर क्रमशः 1.वारण्टी अभियुक्त लक्ष्मीप्रसाद पुत्र हल्के सम्बन्धित केस न. 702/11 धारा 498A/504/506 IPC तथा 02 नफर वांछित अभियुक्त 1.विष्णु यादव पुत्र सुरेश कुमार यादव उम्र 24 वर्ष 2.अकरम खान पुत्र इस्माइल खान को सूपा चौराहा से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के पास से मु.अ.स. 334/2021 धारा 379 IPC से सम्बन्धित दो अदद बैटरी बरामद हुई| बरामदगी के आधार पर उपरोक्त मुकदमे में धारा 411 IPC की वृद्धि की गयी। उपरोक्त अभियुक्तों को सम्बन्धित माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ.नि. प्रवीण कुमार सिंह कस्बा चौकी प्रभारी थाना चरखारी जनपद महोबा

2. का.हिमांशु कुमार 3.का.रामेन्द्र थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.लक्ष्मीप्रसाद पुत्र हल्के नि.मु. हटवारा कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा

2.विष्णु यादव पुत्र सुरेश कुमार यादव उम्र 24 वर्ष नि.ग्राम गुढ़ा थाना चरखारी जनपद महोबा

3.अकरम खान पुत्र इस्माइल खान नि.मु.धनुषधारी कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा






# थाना चरखारी पुलिस टीम ने अवैध शराब सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री, निष्कर्षण एंव परिवहन की रोकथाम अभियान के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 10.06.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0 के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री तेजबहादुर सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना चरखारी प्रभारी निरीक्षक उमापति मिश्रा द्वारा गठित की गयी टीम उ0नि0 चेतराम द्वारा ग्राम इमलियाडांग से बबलू पुत्र पुन्ना यादव उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम इमलियाडांग थाना चरखारी जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया । जिसके कब्जे से एक प्लास्टिक के बोरे मे 20 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब बरामद किये गये । जिसके विरूद्ध थाना चरखारी में मु0अ0सं0 161/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया ।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 चेतराम थाना चरखारी जनपद महोबा
2. का0 अमर थाना 3.का0 अखिलेश यादव
4.का.नितिन कुमार थाना चरखारी जनपद महोबा

## गिरफ्तार अभियुक्त-

बबलू पुत्र पुन्ना यादव उम्र करीब 30 वर्ष नि.ग्राम इमलियाडांग थाना चरखारी जनपद महोबा

## बरामदगी-

एक प्लास्टिक के बोरे मे 20 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब नाजायज बरामद होना ।



## थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 10.06.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेशचन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान वांछित/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारी के तहत प्रभारी निरीक्षक श्री शिवआसरे द्वारा गठित टीम उ0नि0 दिनेशचन्द्र मय हमराह का0 रमाकान्त द्वारा थाना हाजा से सम्वन्धित मु.अ.स 82/2022 धारा 376/363 भादवि व 04 पाक्सो एक्ट मे वांछित अभियुक्त 1.अवधेश पुत्र कृपाल निवासी ग्राम खड़ेहा थाना सरवई जनपद छतरपुर (म.प्र.) को जखा रोड के सामने अंग्रेजी ठेका शराब के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 दिनेशचन्द्र थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।

2.का0 रमाकान्त थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

अवधेश पुत्र कृपाल निवासी ग्राम खड़ेहा थाना सरवई जिला छतरपुर (म.प्र.)

### अपराध विवरण-

मु.अ.स 82/2022 धारा 376/363 भादवि व 04 पाक्सो एक्ट थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 10.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जिलाधिकारी महोबा व पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संयुक्तरुप से शहर क्षेत्र में पैदल गस्त कर साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने हेतु की गयी अपील-






आज दिनांक 10.06.2022 को जिलाधिकारी महोबा श्री मनोज कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा भारी पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्र के प्रमुख स्थानों ऊदल चौक ,आल्हा चौक, रोडवेज बस स्टेण्ड, मुख्य बाजार, सर्राफा मार्केट, आदि पर पैदल गस्त कर अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान चलाया गया।

आमजनमानस से संवाद करते हुए स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी। सुरक्षा का अहसास कराया गया तथा यातायात नियमों का अनुपालन कराने हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये। आमजन की यातायात समस्या को देखते हुए दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये, महोदय गण द्वारा शहर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए अतिक्रमण हटवाया गया व आमजन में सुरक्षा का अहसास भी कराया गया। भ्रमण के दौरान गलत तरीके से खड़ी गाड़ियों का चालान भी किया गया।




महोबा पुलिस